# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 16 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


13 भिलाई निगम आयुक्त ने देखी मवेशियों के चारा-पानी...



14 नगर पंचायत डौंडीलोहारा में जनता को भाजपा पर...






## खबर संक्षेप



### जामगांव आर में हवन व भंडारा आज

**जामगांव आर।** नगर कला मंच में ससंगीत श्रीमद भागवत कथा 8 से 16 फरवरी 2025 तक आयोजित की जा रही है। राधे राधे समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित भागवत कथा का श्रवण आचार्य सतीश दुबे धमतरी वाले ने भक्तों को कराया। आज हवन भंडारा सुबह 9 बजे से होगा। आचार्य पंडित सतीश दुबे, स्थानीय पुरोहित मुकेश शुक्ला राधे राधे समिति ने भक्तों से अपील की है कि अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ उठाएं।

### गुरूर में भाजपा की आभार रैली आज

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरुर में भाजपा सरकार बनने पर अध्यक्ष प्रदीप साहू एवं 11 वार्डों के समस्त नव निर्वाचित पार्षद ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में सुबह 10 बजे से आभार रैली निकाली जाएगी। भाजपा रैली निकालकर नगर की जनता का आभार व्यक्त करेगी। मण्डल अध्यक्षों कौशल साहू, टुकेश्वर पांडेय, खेमलाल देवांगन अध्यक्ष भाजपा मंडल ने सभी भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, संयोजक, आभार रैली में उपस्थित रहने को कहा है।

### सिंगलयूज प्लास्टिक दुकानदारों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयुज प्लास्टिक रखने, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग नहीं रखने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही लगातार की जा रही है। फिर भी कुछ व्यापारी अपने आदत से बाज नहीं आ रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-01 नेहरू नगर की टीम द्वारा वार्ड क्रं. 10 एवं 11 क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे थे, कुछ भी नहीं मिला। जैसे ही पीछे से छिपकर देख रहे है, फिर प्लास्टिक में बेचना शुरू हो गया। साथ ही गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालकर नहीं रखा जा रहा था। ऐसे दुकान संचालकों पर 4600 रूपये का चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया। इन दुकानदारों से जयसवाल नास्ता सेंटर से 500, पंकज सोनकर गन्ना जूस सेंटर से 800, इस्लाम नारियल सेंटर से 300, निलंम बुट हाउस से 800, एन जी किरानाा स्टोर से 800 एवं साहू चाय सेंटर से 100 रूपये एवं अन्य दुकानदारो से चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूल किया गया और उनको समझाइस भी दिया गया। यदि दूसरी बार गलती किये तो उनका गुमशता, ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर सामग्री जप्त कर लिया जायेगा।

### महिला कर्मचारियों के लिए शिविर 17 को

**भिलाई।** सेल-बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा भिलाई नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में एक व्यापक शैक्षणिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और निःशुल्क स्त्री रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में चिकित्सा परामर्शदाताओं द्वारा भिलाई नगर निगम में सफाई कार्य में लगी महिला कर्मचारियों की जांच की जाएगी। इस अवसर पर सीएसआर स्वास्थ्य टीम के साथ बीएसपी-सीएसआर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## निकाय चुनाव : शहरी सत्ता के संग्राम में सभी 8 नगरीय निकायों में हुए चुनाव के परिणाम जारी

# नगर पालिका बालोद सहित 7 पर भाजपा का कब्जा 8वें पर निर्दलीय ने मारी बाजी, कांग्रेस पूरी तरह साफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को धूल चटा दी। 8 नगरीय निकाय में जहां 7 नगरीय निकायों पर भाजपा ने कब्जा जमा लिया है, वहीं एक अर्जुन्दा में भाजपा के बागी प्रणेश जैन ने जीत हासिल कर कांग्रेस को शहरी सत्ता से पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

नगर पालिका बालोद में भाजपा की प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका दल्ली राजहरा में तोषण साहू, नगर पंचायत चिखलकसा कुंती देवांगन, नगर पंचायत डौंडीलोहारा लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, नगर पंचायत डौंडी मोहंतिन चोरका, नगर पंचायत गुरुर में प्रदीप साहू और नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन ने जीत हासिल की है। वहीं, नगर पंचायत अर्जुन्दा में अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रणेश जैन ने जीत हासिल की है। प्रणेश जैन बीते 25 सालों से नगर पंचायत में पंच के बाद पार्षद रहे हैं। उन्होंने हर बार पांच अलग-अलग वार्डों से चुनाव लड़ा और जीता है। इसके साथ ▸▸ शेष पेज 13 पर



### प्रणेश लगातार पांच बार बने पार्षद, छठवीं बार में निर्दलीय लड़कर जीत लिया अध्यक्ष चुनाव

नगर पंचायत अर्जुन्दा अध्यक्ष के प्रत्याशी के तहत बीजेपी से ओसाभ प्रिंस यादव को 690 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस प्रत्याशी सुषमा चन्द्राकर को 682 वोट प्राप्त हुए। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रणेश जैन को 1239 वोट प्राप्त हुआ। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रोमन लाल सोनकर को 764 वोट प्राप्त हुआ। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे योगेश्वर निर्मलकर को 27 वोट प्राप्त हुआ। निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रणेश जैन ने बीजेपी के ओसाभ प्रिंस यादव को 549 वोट से हराकर जीत हासिल की।

### गुरूर पहुंचे सांसद नाग, विजयी प्रत्याशियों को दी शुभकामनाएं

**गुरूर।** नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष सहित 15 में से 11 पार्षद भाजपा के जीतने के बाद कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग गुरुर पहुंचे। नगर पंचायत गुरुर के प्राप्त परिणाम अनुसार विजयी अध्यक्ष प्रदीप साहू एवं 11 वार्ड के नव निर्वाचित पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, ईशा प्रकाश साहू, संयोजक नंदकिशोर शर्मा, सह संयोजक चंद्रप्रकाश गांधी, ऋषि सिन्हा, मधुसूदन सोनवानी, दीवान, चिंताराम साहू, बसंत ठाकुर, चौलेश देशमुख, घनश्याम सिन्हा, यादराम साहू एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा ने 10 साल बाद पाया खोया वैभव जमकर मनाई खुशियां, कांग्रेस में सन्नाटा





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले में भाजपा द्वारा नेतृत्व परिवर्तन करते हुए युवा तेजतर्रार नेता चेमन देशमुख को जिला अध्यक्ष बनाये जाने के बाद जिले के नगरीय निकायों में भाजपा की शानदार वापसी हुई है। 10 साल बाद भाजपा ने अपना खोया हुआ वैभव प्राप्त किया है। जिले के 8 नगरीय निकायों में 7 पर सीधे भाजपा का कब्जा हुआ है, वहीं एक अर्जुन्दा में भाजपा के बागी प्रणेश जैन ने जीत हासिल की है, जिसे अब भाजपाई अपनी ही जीत मान रहे हैं। इसके साथ ही जिले की शहरी सत्ता से अब कांग्रेस का 8–0 से सूपड़ा साफ हो गया है। जिले के नगरीय निकायों में भाजपा की एकतरफा जीत से जिलेभर में भाजपाईयों में जबरदस्त उत्साह एवं जश्न का महौल रहा। नगरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाजपा ने दीपावली के साथ होली मनाई। इस जीत से जिले के भाजपाईयों में आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। नगरीय निकाय चुनाव के मतगणना के दिन शनिवार को जिले के आठों नगरों में गाजे बाजे व विजय जुलूस निकाला गया, जहां अध्यक्ष के लिए विजयी हुए भाजपा प्रत्याशियों के साथ वार्डों में चुनकर आए भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने वार्ड में विजय जुलूस गाजे बाजे के साथ मतदाताओं का आभार जताया।

■ 8 में से 7 में जीत पर निकाला विजय जुलूस, होली-दिवाली साथ मनाई

नगर के मांगलिक भवन में हुई मतगणना को लेकर सुबह से ही लोग भवन के पास पहुंच गए थे, जहां सुबह से ही आम जनता अपने प्रिय प्रत्याशी के मतों की गणना पर नजरे टिकाए हुए थे। प्रातः 8 बजे मतगणना प्रारंभ हुई, जिसका परिणाम 12 बजे तक सबके सामने आ चुका था। परिणाम आने से पहले ही कई प्रत्याशियों का डीजे, धुमाल मतगणना स्थल पर पहुंच गया था। परिणाम की घोषणा होते ही डीजे व धुमाल की धुन पर कार्यकर्ता नाचते गाते दिखे।

वहीं, सुबह से चली यह सुगबुगाहट दोपहर होते-होते कईयों के चेहरे पर जीत की खुशी बिखेर दी, तो कई प्रत्याशियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। भाजपा 10 साल बाद नगर में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी व अन्य निर्वाचित भाजपा पार्षदों ने मिलकर विजय जुलूस निकाला। पार्षदों का उनके वार्डों के कार्यकर्ताओं व परिवार जनों द्वारा आरती उतारकर व ढोल नगाड़ों के साथ फटाके फोड़ते हुए उनका स्वागत करते दिखे।

## नगर पंचायत गुरूर के 15 में से 11 पर भाजपा का कब्जा 4 में कांग्रेस जीती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



नगर पंचायत गुरूर के 15 वार्डों में से 11 पर भाजपा ने कब्जा किया है। 4 अन्य वार्डों में कांग्रेस को सफलता मिली। अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रदीप साहू विजयी रहे। कांग्रेस के बागी जितेन्द्र कुमार ओझा ने कांग्रेस की हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस से ओंकार पटेल ने 71 वोट प्राप्त किये, भाजपा के राकेश दीवान ने 81 वोट प्राप्त किये। जिसमे भाजपा के राकेश दीवान ने 10 वोट से विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 02 मे कांग्रेस से चिदानंद साहू को 127 वोट मिले व भाजपा के चिंताराम साहू को 92 वोट मिले जिसमें कांग्रेस के चिंदानंद साहू ने 35 वोट से विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 03 मे कांग्रेस के भूपेश कुमार लोहले को 129 वोट मिले, भाजपा के मधु कुमार साहू को 81 वोट मिले जिसमे कांग्रेस के भूपेश कुमार लोहले ने 48 वोट से विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 04 से कांग्रेस के करूणा देवान को 88 वोट मिले व भाजपा के कुंती ताम्रज सिन्हा को 91 वोट मिले जिसमे भाजपा के कुंती ताम्रज सिन्हा 3 वोट से विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 05 मे भाजपा के अनुसुईया ध्रुव को 92 वोट व कांग्रेस के पूनम साहू को 55 वोट मिला जिसमे भाजपा के अनुसुईया ध्रुव 37 वोटों से विजयी रही। वार्ड क्रमांक 06 में वर्तमान अध्यक्ष कांग्रेस की महिमा भूपेन्द्र साहू ने भाजपा के तोमेश कुमार साहू को 38 वोटो के अंतर से पराजित किया। वार्ड क्रमांक 07 मे वर्तमान पार्षद भाजपा की चन्द्रलता साहू ने कांग्रेस के मोहम्मद खान को 8 वोटों के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 08 मे भाजपा की कमलेश शोभित ओझा ने कांग्रेस की मधु देवदास को 32 वोटो के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 09 मे कांग्रेस की तृप्ती यादव ने भाजपा के ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ अध्यक्ष पद पर भाजपा की जीत में कांग्रेस के बागी जितेंद्र ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

## दल्लीराजहरा नगर पालिका में भाजपा ने 20 साल बाद की शानदार वापसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा





नगर पालिका दल्लीराजहरा के चुनाव परिणाम चौंकाने वाले आए। नगर पालिका दल्लीराजहरा के अध्यक्ष के रूप में तोरण लाल साहू को नगर की जनता ने ताज पहनाया है। इसके साथ ही बहुमत के आधार पर भाजपा के 15 पार्षद जीत कर आए हैं। ऐसी स्थिति में अब भाजपा का ही उपाध्यक्ष बनेगा, इस तरह की संभावना बन गई है। केंद्र व राज्य के बाद अब दल्लीराजहरा नगर पालिका में भाजपा की जीत के साथ ही यहां ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। इस तरह शहर में पूरी तरह भाजपामय माहौल हो गया है। परिणाम घोषित होने के साथ ही तोरण लाल साहू को बधाइयां देने के लिए तांता लग रहा। शहर में समर्थकों ने पटाखे फोड़ मिठाइयां बांटकर रंग गुलाल लगाकर रैली निकाली। बता दें कि हरिभूमि की खबर एक बार फिर सत्य प्रमाणित हुई, हरिभूमि ने पूर्व में ही संकेत दे दिया था कि दल्लीराजहरा शहर में परिवर्तन की लहर चल रही है और मतदाताओं ने हरिभूमि की खबर पर एक बार फिर मोहर लगा दी है।

दल्ली राजहरा नगर पालिका चुनाव में इस बार बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। लगभग 20 वर्षों बाद भाजपा ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। भाजपा प्रत्याशी तोरण लाल ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ तोरण लाल साहू के अध्यक्ष पद के साथ 15 वार्डों में भी दर्ज कराई जीत

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत कल होगा मतदान

# डौंडी व डौंडीलोहारा विकासखंड में कल डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के डौण्डी एवं डौण्डीलोहरा विकासखंड में प्रथम चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी को संपन्न होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के दिशा–निर्देशन में बालोद जिले में प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है।




### मतदान सामग्री का वितरण आज

सोमवार 17 फरवरी को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को रविवार 16 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय के समीप शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एवं विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत 17 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष परिस्थिति में जिन मतदान केन्द्रों में मतगणना किया जाना उचित नही होगा उन मतदान केन्द्रों के मतों की गणना मंगलवार 18 फरवरी को विकासखण्ड मुख्यालय में किया जाएगा।

### साल भर से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** हत्या के मामले में साल भर से फरार आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 506, 323 , 32 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि माह जनवरी 2024 में मिलपारा दुर्ग निवासी चंद्रीका बंजारे ने शिकायत किया था कि पड़ोसी मिलपारा डिपारापारा वार्ड 38 निवासी युवराज गुप्ता अपने पत्नी सोनिया के साथ विवाद मारपीट कर रहा था। इस दौरान पत्नी सोनिया गुप्ता डर से पीड़िता के घर पर छिप गई थी। जिसे युवराज गुप्ता खोजते हुए उनके घर पहुंचा। उसके पत्नी के बारे में पूछताछ करने लगा जिसे लेकर पीड़िता ने जानकारी होने से इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर युवराज गुप्ता गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का और लकडी के बने खटिया के खुरा से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने ससुर बाबूलाल बंजारे आए थे।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 9 क्षेत्र में कुशाभाउ ठाकरे वार्ड में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर कचरा डालते हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए जब्त किया है। जोन 9 प्रभारी अधिकारी निगम उपायुक्त डा. अंजलि शर्मा, जोन कमिश्नर संतोष पांडेय सहित अन्य अधिकारी शुक्रवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों के निरीक्षण पर निकले हुए थे। इस दौरान कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्षेत्र में राजवाड़ा सिटी के आगे सार्वजनिक जगह पर एक ट्रैक्टर ट्राली के चालक को ट्रैक्टर में लदा कचरा को वहां डालते देखा। इस पर अधिकारियों ने तत्काल ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया। पूछताछ पर पता चला कि ट्रैक्टर बिरगांव का है। इस मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भी नियम के तहत कार्रवाई की गई।

### रोटरी क्लब ने एसएसपी को किया सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी में विगत दिनों हुई 60 लाख रुपए की डकैती के मामले को महज 36 घंटे के भीतर सुलझाने और अपराधियों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता के लिए रायपुर पुलिस की सराहना की जा रही है। रायपुर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सदस्यों ने क्लब के अध्यक्ष पंकज चोपड़ा के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह का सम्मान किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके नेतृत्व में पुलिस टीम की तत्परता और समर्पण की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। इस दौरान रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर से अध्यक्ष पंकज चोपड़ा, एसके अग्रवाल, मुनीश सग्गर, हेमंत अग्रवाल, रंजन नत्थानी, विनय अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, बीरेंद्र शर्मा, राजेश चौरसिया, राजीव अग्रवाल उपस्थित थे।

### दूसरी बार गरियाबंद जिला प्रभारी बनाए गए विनोद

**रायपुर।** भाजपा के गढ़ में 15 साल बाद कांग्रेस का विधायक बनाने में विनोद तिवारी की कारगर रणनीति काम कर गई थी। धमतरी जिला प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री श्री तिवारी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इस बार भी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। यह आदेश पहले चरण के मतदान के ठीक दो दिन पहले जारी किया गया। कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला पंचायत के लिए अधिकृत प्रत्याशियों के लिए संगठन को एकजुट कर पूरी 11 सीटें निकालने की चुनौती श्री तिवारी के समक्ष होगी। विदित हो कि विनोद तिवारी इसके पूर्व चुनाव में प्रभारी रहते हुए कांग्रेस के अधिकृत जिला पंचायत सदस्य स्मृति ठाकुर को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में सफल हुए थे। जबकि उस चुनाव में पार्टी के महज दो अधिकृत प्रत्याशी ही चुनकर आए थे। स्मृति को अध्यक्ष और संजय को उपाध्यक्ष बनाकर दोनों अहम पदों पर कांग्रेस का झंडा गाड़ दिया था। इसके अलावा बिंद्रानवागढ़ सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता था। तत्कालीन सरकार के खिलाफ हवा चल रही थी, बावजूद इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जनक ध्रुव को जीत दिलाने में चुनाव प्रभारी रहे विनोद तिवारी की अहम भूमिका रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे संजय नेताम क्षेत्र क्रमांक 7 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी घोषित हैं, लेकिन इस सीट पर महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रियंका कपिल और कांग्रेसी नेता गोपाल ध्रुव कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ रहे। प्रत्याशी श्री नेताम का भी आरोप है कि कई जिम्मेदार व बड़े नेताओं ने ही उन्हें हराने के लिए इन्हें मैदान पर उतारा है। चुनाव प्रभारी नियुक्ति के बाद इस सीट पर चल रही कंट्रोवर्सी पर लगाम लग सकता है।



# रविवि में 8 हजार डिग्रियों की अर्जी पेंडिंग, इसे निपटाने दूसरे विभाग के कर्मचारी अटैच

## अर्जेंट डिग्री के लिए ले रहे आवेदन, फिर भी वक्त पर नहीं मिल रही उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ जिन विभागों से किए गए तबादले, अब वहां दैनिक कार्य के लिए संकट

पं.रविशंकर शुक्ल विवि परीक्षा प्रबंधन में असफल रहने के बाद छात्रों को उपाधियां वितरित करने में भी नाकाम साबित हो रहा है। रविवि के उपाधि विभाग में डिग्री के लिए लगभग 8 हजार आवेदन पेंडिंग हैं। इन आवेदनों के निपटान में रविवि के पसीने छूट रहे हैं। स्थिति यह है कि यदि किसी विद्यार्थी द्वारा अर्जेंट डिग्री हासिल करने के लिए आवेदन दिया जाता है, तब भी उसे डिग्री आवेदन के कई महीनों बाद मिल रही है। उल्लेखनीय है कि सामान्य अवधि में डिग्री के लिए आवेदन शुल्क कम होता है, जबकि अर्जेंट डिग्री प्राप्त करने के लिए छात्रों को अधिक राशि जमा करनी पड़ती है। अधिक राशि जमा करने के बाद भी महीनों तक विद्यार्थियों को उपाधि नहीं मिल पा रही है। कई बार प्रशासनिक भवन में इसे लेकर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होते रही है। छात्र अपनी उपाधि की जानकारी हासिल करने रोजाना रविवि कैंपस आ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए रविवि ने अलग-अलग विभागों से 17 कर्मचारियों को डिग्री विभाग में अटैच कर दिया है। इससे उन विभागों का काम प्रभावित हो रहा है, जहां ये कर्मचारी कार्यरत हैं। रविवि की इस अजीब-गरीब व्यवस्था से छात्र हलाकान हो रहे हैं।

### लग रहा चौगुना समय

रविवि के नियमानुसार, सामान्य अवधि में डिग्री के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को 90 दिन के अंतराल में उपाधि प्रदान करनी होती है। इसके लिए 350 रुपए का शुल्क निर्धारित है। वहीं अर्जेंट डिग्री के लिए शुल्क 750 रुपए निर्धारित है। अर्जेंट डिग्री एक माह में प्रदान करने का प्रावधान है। यदि विद्यार्थियों के पास जॉब इंटरव्यू, ज्वॉइनिंग, नौकरी, किसी पाठ्यक्रम में दाखिला संबंधित दस्तावेज होते हैं, तो उन्हें तय अवधि से पहले ही डिग्री प्रदान कर दी जाती रही है। वर्तमान में एक माह में भी विद्यार्थियों को उनकी उपाधि नहीं मिल पा रही है। वर्तमान में तीन से चार गुना अधिक समय छात्रों को अपनी उपाधि हासिल करने में लग रहा है।



### तबादले के बाद बिगड़ी स्थिति

पूर्व में डिग्री विभाग बीपी भंवर के अधीन था। उनका तबादला यांत्रिकी विभाग में कर दिया गया है। उनके तबादले के बाद यहां स्थिति बिगड़ गई है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस बार भी रविवि मार्च-अप्रैल में दीक्षांत समारोह आयोजित कराने की तैयारी में है। अधिकतर विषयों की मेरिट लिस्ट जारी की जा चुकी है। इस स्थिति में अधिक दबाव डिग्री विभाग पर पड़ेगा।

## डकैती डालने के बाद साथियों को कम पैसा देना पड़े इसलिए बड़ी रकम कार में अलग से छिपाकर रख ली थी

# महिला सहित 10 डकैत जेल दाखिल, मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मनोहरण वेलू के यहां मंगलवार को डकैती की घटना को अंजाम देने वाले महिला सहित सभी 10 आरोपियों को पुलिस ने आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस घटना के मास्टर माइंड सेवानिवृत्त बीएसएफ के सूबेदार ए. सोम शेखर के मकसद को लेकर अब भी उलझी हुई है। लंबी पूछताछ के बाद भी पुलिस डकैती के मास्टर माइंड सोम शेखर के मकसद को नहीं समझ पाई है। पुलिस ने अपनी पड़ताल में पाया है कि डकैती की घटना का मास्टर माइंड भले ही सोम शेखर है, लेकिन डकैती के दिन घटना को महिला डकैत नेहा त्रिपाठी लीड कर रही थी। डकैती की घटना में शामिल बदमाश नेहा के दिशा निर्देश पर काम कर रहे थे। नेहा ने ही मनोहरण वेलू की बहन को इंजेक्शन लगाने के साथ ही जाते समय उनके परिवार को धमकाने का काम किया था। डकैतों को फरार होने के रास्ते नेहा ने ही सुझाये थे।


2011 में वीआरएस लिया था आरोपी ने, वर्दी में डाका डालने का प्लान उसी का
बीएसएफ का पूर्व सूबेदार निकला डकैती का मास्टरमाइंड, 10 आरोपी गिरफ्तार

### नेहा का पिता बीएसपी का सेवानिवृत्त अफसर

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नेहा का पिता भिलाई स्टील प्लांट का सेवानिवृत्त अफसर है। नेहा शुरू से ही अपराधिक प्रवृत्ति की लड़की रही है। इसके कारण नेहा को उसके पिता ने घर से निकाल दिया था। नेहा का पति भी अपराधिक प्रवृत्ति का है। राहुल तथा नेहा ने एक दूसरे के संपर्क में आने के बाद प्रेम विवाह किया है।

### फौजी ड्रेस बनी फंसने की वजह

डकैतों ने जिस फौजी वर्दी को सुरक्षा कवच बनाकर डकैती डालने बुजुर्ग भाई बहनों के घर घुसे थे, वही फौजी ड्रेस की वजह से डकैत 24 घंटे के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़े। अमलेश्वर में जहां डकैत अपनी फौजी वर्दी बदल रहे थे। वहीं पास में उपस्थित एक लड़के ने ड्रेस बदलते देख लिया। गतिविधियां संदिग्ध लगने के बाद लड़के ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### नेहा ने कार में अलग से रुपए छिपाए

पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डकैती डालने के बाद नोटों से भरे एक बैग के साथ सोने की चेन नेहा ने अपने कब्जे में ले लिया था। रास्ते में नेहा ने चलती कार में बैग से नोटों की गड्डी निकालकर अपनी रिट्ज कार में अलग से छिपाकर रख ली थी।

### मामला ठंडा होने तक शांत बैठने के निर्देश


*डकैती की घटना को सफलता पूर्वक अंजाम देने के बाद डकैत अपने पकड़े जाने को लेकर बेफिक्र हो गए थे। उन्हें लग रहा था कि जिस प्लानिंग के साथ उन लोगों ने डकैती डाली है, पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच सकती। बावजूद इसके डकैती की घटना की पड़ताल होने तक सभी को रकम खर्च नहीं करने की हिदायत दी गई थी। साथ ही रकम के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को भी जानकारी नहीं देने के लिए कहा गया था। पुलिस डकैतों को गिरफ्तार करने पहुंची, तो सभी सामान्य दिनों की तरह अपने काम काज में व्यस्त थे।*

### मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझन में पुलिस

*डकैती की घटना में शामिल आठ डकैतों ने अपने हिस्से की रकम का आपस में बंटवारा कर लिया था। डकैती की रकम सोम शेखर के साथ पुरुषोत्तम को नहीं मिली थी। डकैती की घटना का मास्टर माइंड सोम शेखर तथा पुरुषोत्तम द्वारा रकम नहीं लिए जाने की बात को लेकर पुलिस उलझी हुई है। पुलिस को आशंका है कि मामला ठंडा होने के बाद सोम शेखर डकैतों से संपर्क कर अपने हिस्से का बंटवारा लेता।*

# सरोना डेयरी में पकड़ा गया गो-मांस, डेयरी संचालक सहित अन्य फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





सरोना स्थित एक डेयरी में गोसेवक तथा हिंदू संगठन से जुड़े लोगों की शिकायत पर पुलिस ने गो-मांस जब्त किया है। डेयरी में गो-मांस मिलने के बाद हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने डेयरी में तोड़फोड़ करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने डेयरी में एक फ्रीज के अंदर से गो-मांस जब्त किया है। जब्त मांस गाय का है या किसी अन्य मवेशी का, इसकी पड़ताल करने मांस को जांच के लिए लैब भेजा है। लैब रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। घटना डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने उस्मान डेयरी में दबिश देकर गो-मांस जब्त किया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि खाने के बर्तन के साथ थाली में पके हुए मांस के साथ चावल था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस को मौके पर भारी मात्रा में उड़िया भाषा में पर्ची मिलने के साथ ही कई पैन के साथ आधार कार्ड मिले हैं।

### लैब रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई

मौके पर मिले दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जो डेयरी संचालित कर रहे हैं, वे ओडिशा, पश्चिम बंगाल या कहीं अन्य जगह के हैं। जब्त मांस की लैब रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**- डीआर पोर्ते,** एएसपी सिटी पश्चिम

### बांग्लादेशियों द्वारा डेयरी संचालन करने का आरोप

*मौके पर हंगामा कर रहे हिंदू संगठन तथा गो-सेवा से जुड़े संगठन के कार्यकर्ताओं ने डेयरी संचालक के बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बांग्लादेशी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर सरोना के आउटर में डेयरी की आड़ में मवेशियों को मारकर उसके मांस की बिक्री कर रहे हैं।*

# चैंबर चुनाव 3-4 मई को, गुजराती स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव निर्वाचन समिति द्वारा शुक्रवार को चैंबर चुनाव के लिए देवेन्द्र नगर सेक्टर-4 गुजराती स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन का निरीक्षण कर मतदान केंद्र के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर चैंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी रमेश गांधी, संजय जोशी, संजय देशमुख, बालकृष्ण दानी, चैंबर चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। 3 मई को गुजराती स्कूल में होने वाले मतदान में महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार–भाटापारा, बेमेतरा जिले सहित रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र अभनपुर, आरंग, बूढ़ेरा, धरसींवा, गोबरा नवापारा, केसला, खरोरा, कोसरंगी, मांडर, मंदिर हसौद, नवापारा, नया रायपुर, नेवरा, सारागांव, सिलतरा, तिल्दा-नेवरा, एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट, राजगढ़ और शहडोल जिले के कुल 2647 मतदाता मतदान करेंगे। 4 मई को गुजराती स्कूल देवेंद्र नगर एवं सरस्वती स्कूल देवेंद्र नगर में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को छोड़कर केवल रायपुर शहर के कुल 11395 मतदाता मतदान करेंगे।

### मोबाइल में बात कराने के विवाद पर मारपीट

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक युवती उसकी बहन, मां तथा एक अन्य महिला के खिलाफ मोबाइल में बात कराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी ममता बंजारे ने मधु उसकी मां, बहन तथा एक अन्य महिला के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ममता ने पुलिस को बताया कि एक पलंग बनाने वाले अंकल ने उसे कॉल कर मधु से बात कराने के लिए कहा। इस पर ममता ने अपने मोबाइल लेकर मधु के घर पहुंचा। इस बात से नाराज होकर मधु उसकी बहन, मां तथा अन्य महिला ने ममता के साथ मारपीट की।

■ शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए

# सप्रे स्कूल में शिक्षकों के लिए परामर्श सत्र, दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर सप्रे स्कूल में शिक्षकों के लिए एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें परामर्शदाता प्रतिक्षा नियोगी ने शिक्षण विधियों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। यह सत्र शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालूके मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिन्होंने शिक्षकों के पेशेवर विकास और आधुनिक शिक्षण तकनीकों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस सत्र में शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों, छात्रों के साथ बेहतर संवाद, और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाने के नए तरीकों पर जानकारी दी गई। प्रतिक्षा नियोगी, जो एक अनुभवी काउंसलर हैं, ने शिक्षकों को यह समझाया कि शिक्षण केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें छात्रों की भावनात्मक और मानसिक स्थिति का ध्यान रखना भी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों से अवगत कराते हुए कहा, एक अच्छा शिक्षक वही होता है जो बच्चों को केवल किताबों की शिक्षा न देकर, उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से जोड़ने में भी सक्षम हो। सत्र के अंत में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और इस सत्र को बेहद उपयोगी बताया।

### भारतीय संस्कृति और विरासत समृद्ध इसे संभालकर रखना जरूरी : बंजारे

**रायपुर।** भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष मनोज बंजारे ने राजनीतिक दलों की भूमिका को लेकर कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत बेहद समृद्ध है, हमें इसे संभालकर रखना है। वर्तमान स्थिति में कुछ राजनीतिक दल और नेता समाज में क्षेत्रवाद-जातिवाद का जहर फैला रहे हैं, जिस पर अंकुश लगना चाहिए। श्री बंजारे ने कहा कि देश में ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले, बाबा आंबेडकर जैसे विचारक और समाज सुधारक जन्म लिए, जिन्होंने दशकों पहले सामाजिक क्रांति का आगाज किया। आज देश को ऐसे महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है।



# रूस में बीयर केन पर गांधीजी की तस्वीर, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



हाल ही में रूस स्थित बेवरीज में रिवोर्ट ब्रांड की बियर की पैकिंग पर राष्ट्रपिता महात्मा जी की तस्वीर लगाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर का कहना है कि महात्मा गांधी की शांति और संयम की धरोहर का अपमान किया जा रहा है। यह न केवल एक हैरान करने वाला कार्य है, बल्कि यह एक अरब भारतीयों की भावनाओं का भी अपमान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हस्तक्षेप कर रूसी अधिकारियों के समक्ष मामला उठाने की मांग की है। साथ ही भारतीय नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस ब्रांड का बहिष्कार करें।

## लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस

# बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ : दयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों के मामले में अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जो उद्योग, व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक विकास का अवसर प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में छत्तीसगढ़ की भूमिका अहम होगी, क्योंकि यहां उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के विशाल भंडार उपलब्ध हैं। उन्होंने बोलीदाताओं को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि सरकार उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि बैलाडीला क्षेत्र भारत के इस्पात उद्योग की रीढ़ है और इस क्षेत्र के विकास से स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार में व्यापक वृद्धि होगी। खनिज सचिव ने यह बात संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म, छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर के बैलाडीला क्षेत्र के लौह अयस्क ब्लॉकों की नीलामी को लेकर नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में 'प्री-बिड कॉन्फ्रेंस' में कही। इस बैठक में देशभर से आए खनन निवेशकों और बोलीदाताओं ने भाग लिया, जहां नीलामी प्रक्रिया, निवेश अवसरों, और खनिज संसाधनों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में स्थित तीन विश्व स्तरीय लौह अयस्क ब्लॉक एवं उत्तर बस्तर कांकेर के एक ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और ई-नीलामी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

जीएसआई के डिप्टी डायरेक्टर जनरल अमित धारवड़कर ने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का दूसरा सबसे समृद्ध खनिज संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि बैलाडीला से दल्लीराजहरा तक फैला लौह अयस्क क्षेत्र विश्व के महत्वपूर्ण लौह अयस्क भंडारों में गिना जाता है, जो भारत के इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म के संचालक सुनील कुमार जैन ने नीलामी प्रक्रिया और लौह अयस्क ब्लॉकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2030 तक देश में स्टील उत्पादन बढ़ाने के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। संयुक्त संचालक एवं नोडल अधिकारी (ऑक्शन) अनुराग दीवान ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक निवेश के लिए सबसे उपयुक्त राज्यों में से एक है और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# कांग्रेस का पंडरिया पालिका चुनाव में शराब और पैसे बांटने का आरोप


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने नगर पालिका पंडरिया चुनाव में विधायक भावना बोहरा पर पैसे और शराब बांटने का आरोप लगाया है।

श्री शुक्ला ने बताया, मतदान प्रभावित करने के लिए पिकअप वाहन में भरकर सैकड़ों की संख्या में पानी के जार (टंकी) जिसके अंदर पानी न होकर नकदी थी, साथ ही रुपयों से भरा 200 लिफाफा, हाट-पाट, शराब की बोतलें लोगों में बांटने के लिए ले जाया जा रहा था, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीछा कर पकड़ा। पुलिस द्वारा सारी सामग्री के साथ पिकअप को पकड़कर थाने ले जाया गया, जहां सामान को जप्त करने के बाद भी छोड़ा गया। 9 फरवरी की रात को 1 बजे विधायक भावना बोहरा के बेमेतरा स्कूल का विनीत राजोरिया सफेद औरा कार में 500 के नोट के लिफाफा बांट रहे थे, पता चलने पर जब कांग्रेसजनों ने विरोध किया तथा उनका घेराव किया, तब पुलिस एसडीएम तहसीलदार उस वाहन एवं राजोरिया को थाने ले गए।

## खबर संक्षेप



### अबूझमाड़ मैराथन वॉल पेंटिंग स्पर्धा कल

**भिलाई।** सेल-बीएसपी ने सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के सपनों को आकार देते हुए के अपने सीएसआर परियोजना के तहत, सकारात्मक बदलाव लाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। जिसके अंतर्गत, अबुझमाड़ क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य प्रायोजक के रूप में कार्य कर रहा है। जिला और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में, नारायणपुर जिले के अबुझमाड़ क्षेत्र में 2 मार्च को बालक हाईस्कूल ग्राउंड, नारायणपुर से अबुझमाड़ हाफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करना और युवाओं को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इसी कड़ी में 16 फरवरी को अबुझमाड़ मैराथन 2025 के तहत एक वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। यह प्रतियोगिता हाई स्कूल ग्राउंड, नारायणपुर में सुबह 7 बजे शुरू होगी। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य अबुझमाड़ की समृद्ध संस्कृति, लोककला और प्राकृतिक सौंदर्य को कलात्मक रूप में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। इसी के साथ नारायणपुर कमे मावली मेला का भी आयोजन 19 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है।

### स्मृति नगर में निःशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य शिविर

**भिलाई।** सेल-बीएसपी अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, बाल्को मेडिकल सेंटर, नवा रायपुर के सहयोग से 17 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मंगल भवन, स्मृति नगर, भिलाई में एक दिवसीय निःशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन करेगा। इस एक दिवसीय शिविर का उद्देश्य स्थानीय समुदाय में स्त्री रोग सम्बन्धित स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। एक दिवसीय शिविर में बाल्को मेडिकल सेंटर और भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें विभाग के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ और स्वास्थ्य सलाहकार, बीएसपी-सीएसआर के अधिकारियों के साथ उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान, विभिन्न स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने और उनकी रोकथाम के लिए विभिन्न नैदानिक प्रक्रियाएं, काउंसलिंग, जांच और परामर्श आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय समुदाय के बीच स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य चर्चाएं, उनके बारे में जागरूकता बढ़ाने और उससे सम्बन्धित संदेहों को स्पष्ट किया जाएगा। बीएसपी के सीएसआर विभाग और एमएंडएचएस विभाग ने स्मृति नगर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आएं और 17 फरवरी को मंगल भवन, स्मृति नगर, भिलाई में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

# एक सुरक्षित और समावेशी वित्तीय प्रणाली सुनिश्चित करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत माथुर ने प्रतिष्ठित फिनटेक सिक्योरिटी बूटकैम्प में 'फिनटेक का अर्थशास्त्र' विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इस सत्र में वित्तीय परिदृश्य के विकास, वित्तीय सेवाओं में प्रौद्योगिकी की भूमिका और डिजिटल वित्त में सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की गई।

माथुर ने डिजिटल भुगतान प्रणाली, ब्लॉकचेन नवाचारों और फिनटेक क्षेत्र में नियामक चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि एक सुरक्षित और समावेशी वित्तीय प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन का बढ़ता महत्व क्यों है। फिनटेक सिक्योरिटी बूटकैम्प में उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और फिनटेक सुरक्षा में नवीनतम प्रगति पर चर्चा की। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, चर्चाओं में शामिल हुए और उद्योग विशेषज्ञों से मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की। श्री माथुर के विचारों ने उपस्थित लोगों को नवीनतम वित्तीय तकनीकों के आर्थिक प्रभावों की गहरी समझ प्रदान की। आईआईटी भिलाई का इनक्यूबेटर आईबीआईटीएफ फिनटेक, एग्रीटेक और हेल्थटेक में नवाचार को प्रोत्साहित करता रहा है, जिससे स्टार्टअप्स और नवीनतम तकनीकों पर शोध को बढ़ावा मिला है।

**साइबर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन का बढ़ रहा महत्वः सीईओ बैनर्जी**





## परेशानी : भारत माला परियोजना में गड़बड़ी का मामला

# किसानों को आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी के नाम पर किया जा रहा है गुमराह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**मुआवजा देने से बचने के लिए अपनाई जा रही नई नीति**

भारत माला परियोजना में मुआवजा की दोहरी नीति अपनाने के बाद विभागीय अफसरों ने एक और नीति पर काम करना शुरू कर दिया है। यह नीति है किसानों को आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी के पास मामला दायर करवाना। एसडीएम आफिस में ऐसी सलाह किसानों को दी जा रही है। हैरत की बात यह है कि आरबी रजिस्ट्रेशन ही भू अर्जन गणना की गड़बड़ी से संबंधित प्रकरणों का निराकरण का अधिकार रखता है। हालांकि इससे किसानों का भला तो नहीं होने वाला बल्कि यह नीति इसलिए अपनाई जा रही है कि किसान हाईकोर्ट तक न पहुंच पाए।

हरिभूमि पड़ताल


पहले वर्ग फीट मे और सरकार बदलने के बाद हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा
भारत माला प्रोजेक्ट में बड़ा खेला- अफसरों ने बदल दिए अपनों को फायदा पहुंचाने नियम

### ऐसे चल रहा है बड़ा खेल

भारत माला परियोजना में मुआवजे में गड़बड़ी को लेकर कई किसानों ने हाईकोर्ट का रूख किया है। हाईकोर्ट के वकील के मुताबिक हाईकोर्ट भू अर्जन त्रुटि संबंधी निराकरण करने का अधिकार क्षेत्र ही नहीं है। हाईकोर्ट मात्र मौलिक अधिकारों के हनन संबंधी दावा-आपत्ति के निराकरण का अधिकार रखता है। इसलिए जो किसान हाईकोर्ट गए हैं उनका प्रकरण ही निरस्त हो सकता है। आरबी रजिस्ट्रेशन अधिकारी जितने भी मामले उनके पास आएंगे उसे सिविल कोर्ट भेज देंगे। पांच साल तक केस चलेगा तब तक किसान भी पस्त हो जाएंगे। कई किसान मुआवजा के लिए इस दुनिया में रहेंगे या नहीं ऐसी उम्रदराज किसान हैं। इस स्थिति में किसानों के पास समझौता करने के अलावा कोई दूसरा रास्ता भी नहीं बचेगा। किसानों ने बताया कि कई बार मुआवजा को लेकर राजस्व अधिकारी के दफ्तर का चक्कर लगाते रहे लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। जिसकी वजह से कई किसान हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई है।

### ढ़ाई साल तक लटका कर रखा मुआवजा

भारत माला परियोजना के मुआवजा में वर्ष 2019 को जब गड़बड़ी शुरू हुई तो पाटन क्षेत्र के कई किसान प्रभावित हुए। पाटन क्षेत्र में पहली बार मुआवजा कम और ज्यादा भुगतान होने का सामने आया था। इससे प्रभावित किसानों का हाईकोर्ट में मामला पांच साल से चल रहा है। प्रभावित किसानों का कहना है कि जब वर्ष 2022 में अवार्ड पारित हेक्टेयर दर पर किया गया और चार गुना मूल्यांकन किया गया। 500 वर्ग मीटर का भी हेक्टेयर दर से पेमेंट बना दिया। 8 नवंबर 2024 को प्रतिकर वितरण की सूचना भू अर्जन अधिकारी कार्यालय से पटवारी कार्यालय में गया। यहां से किसानों को सूचना तामिल की गई कि एक महीने के भीतर अपनी रकम ले लेवें। यानी ढ़ाई साल तक इसे रोककर क्यों रखा गया। इससे प्रशासनिक अधिकारियों व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मिलीभगत साफ जाहिर होता है।

### भूअर्जन मुआवजा भुगतान का नियम

भू अर्जन मुआवजा भुगतान का अधिनियम के मुताबिक जमीन का प्रचलित दर शहरी क्षेत्र में ज्यादा रहता है इसलिए यहां दो गुणांक के हिसाब से मुआवजा प्रकरण बनाए जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में यह चार गुना निर्धारित है। उसके बाद भी अधिकारियों ने अपने हिसाब से मुआवजा प्रकरण बनाने में मनमानी की। भू अर्जन अधिनयिम कहता है कि थ्री डी प्रकाशन के बाद दावा- आपत्ति लेकर भू अर्जन की राशि दे देना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अधिकारियों ने किसानों को यह भी दलील दी कि मुआवजा किसी को ज्यादा तो किसी को कम मिला है उसकी वजह बटांकन नहीं होना भी एक वजह है। लेकिन बटांकन करना तहसीलदार व पटवारी द्वारा किया जाता है। सालों तक बटांकन इन प्रशासनिक अमले ने नहीं किया तो किसान किस हिसाब से दोषी है।

## 17 को आमसभा में बनेगी रणनीति

# बीएसपी मैनेजमेंट की नीतियों से कांट्रेक्टर में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल स्टील प्लांट कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने सेल-भिलाई स्टील प्लांट मैनेजमेंट के समक्ष विभिन्न मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराया है। एसोसिएशन मूल रूप से छोटे टेंडरों को समाप्त कर बड़े टेंडर में तब्दील करने, ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से जांच सुविधा उपलब्ध नहीं कराने और निविदा प्रणाली में पारदर्शिता के अभाव जैसे मुद्दों पर मुखर है। ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर एसोसिएशन की आम सभा 17 फरवरी सोमवार को सुबह 11:30 बजे इंडियन कॉफी हाउस भिलाई निवास में रखी गई है।



**विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा**

एसोसिएशन के अध्यक्ष केए अब्दुल कादर ने बताया कि सार्वजनिक उपक्रम के सभी कांट्रेक्टर ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर परेशान हैं। बीएसपी मैनेजमेंट इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इससे सभी कांट्रेक्टर का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि ईडी (वर्क्स) और मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) विभाग से इन मुद्दों पर चर्चा के लिए एसोसिएशन ने समय मांगा है। उन्होंने वर्तमान के एक प्रमुख ज्वलंत मुद्दे का उल्लेख करते हुए बताया कि कार्यस्थल पर मजदूर की मौत होने की स्थिति में बगैर जांच के ठेकेदार को ही दोषी मान लिया जाता है और अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 3 लाख व इसके बाद 10 लाख दिलवाया जाता है। इस दौरान ठेकेदार के इस राशि के अलावा 2-3 लाख और खर्च हो जाते हैं। जबकि ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच के उपरांत ठेकेदार को राशि देने कहना चाहिए क्योंकि मजदूर पहले से ही ईएसआई कवर्ड होता है, जिसके माध्यम से भी वैधानिक भुगतान का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रणाली के माध्यम से टेंडरों को खोलने में पारदर्शिता का अभाव है। छोटे टेंडरों को समाप्त कर उन्हें बड़े टेंडरों में परिवर्तित किया जा रहा है।

मैनेजमेंट ईएसआईसी अस्पताल के माध्यम से मेडिकल जांच की अनुमति नहीं दे रहा है, इससे मजदूरों और कांट्रेक्टर को अनावश्यक खर्च वहन करना पड़ रहा है। रोटेशन के आधार पर यांत्रिक, विद्युत एवं सिविल के रेट कांट्रेक्ट का वितरण नहीं किया जा रहा है। ओएंडएम विभाग मे पंजीयन नवीनीकरण के लिए योग्यता के दायरे को लेकर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

# सांसद विजय ने संभाली पंचायत चुनाव की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के बाद वापस लौट आए हैं। यहां पंचायत चुनाव के प्रचार का मोर्चा फिर से संभाल लिया है। उन्होंने एक दिन में पांच जगह सभा ली। मतदाताओं को आव्हान करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव अपने गांव घर और दुवारी का चुनाव है। इसमें वोट इधर-उधर नहीं जाना चाहिए।

हमें प्रयास करना है कि विकास के प्रत्येक छोटे-बड़े काम, गांव के कोने-कोने तक पहुंचे। अभी केंद्र में भाजपा की सरकार है प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है उससे सब जगह विकास के काम तेज गति से हो रहे हैं। गांव-गांव तक विकास की यह कड़ी जुड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें इस बार अपने गांव के विकास के लिए मतदान करना है। सांसद बघेल, अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के कचांदूर, पाटन विधानसभा क्षेत्र में चुनावी संभाए ली। उन्होंने यहां भाजपा के चुनाव प्रचार में लगे कार्यकर्ताओं में नया प्राण फूंक दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 5 वर्षों में महिलाओं मजदूर किसानों के लिए कई सारी योजना बनाई जिसमें से कई योजनाएं छत्तीसगढ़ में लागू नहीं हुई। प्रधानमंत्री आवास का आवास यहां नहीं बना। तब यहां कांग्रेस की सरकार थी। उस सरकार ने यहां प्रधानमंत्री आवास बने नहीं दिया। अब हमें ऐसी गलती नहीं दोहरानी है। अब हर गांव में प्रधानमंत्री आवास बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। किशनपुर में क्षेत्रीय विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी उपस्थित थे।

### रेलवे ट्रैक पर मिली एक व्यक्ति लाश

बालोद। जिले के बघमरा गांव से होकर गुजरे रेलवे ट्रैक में गुरुवार रात एक व्यक्ति की लाश मिली। दुर्ग से दल्ली राजहरा की ओर जाने वाले पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जिससे ट्रेन लंबे समय तक खड़ी रही। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले लाश की शिनाख्त हो गई। लोगों के अनुमान के बाद बीरेंद्र के बेटे को सूचना देकर पहचान के लिए बुलाया गया। जिसके बाद उनके बेटे ने मृतक को अपने पिता के रूप में पहचान लिया। इस तरह मृतक की पहचान बघमरा निवासी 48 वर्षीय बीरेंद्र साहू के रूप में हुई। मृतक की पत्नी ने एक सप्ताह पहले थाने में अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी और अब पति की ट्रेन हादसे में जान चली गई है। घटना में मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया था, वहां मौजूद लोगों ने उसके चेहरे के कुछ हिस्से को देखकर गांव के ही बीरेंद्र नामक व्यक्ति के होने का अनुमान लगाया।

**एक सप्ताह पहले पत्नी ने लिखाई थी रिपोर्ट-** मृतक बीरेंद्र साहू की पत्नी सुनैना ने 6 फरवरी को बालोद कोतवाली थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पति ने उनके साथ गाली गलौज पत्थर व कैंची से उनके सिर पर वार किया, जिससे उनके सिर और हाथ में चोट आई थी। जिसके बाद सुनैना ने थाने में पहुंचकर अपने पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पांडे, ने कहा बघमरा रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिली है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पेज 11 के शेष...

### नगर पालिका बालोद...

ही यह उनकी लगातार छठवीं जीत है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव परिणाम के अनुसार नगर पालिका परिषद् बालोद के अध्यक्ष पद के लिए लड़ रही कांग्रेस की पद्मनी साहू को 5811 वोट प्राप्त हुए जबकि भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी ने 9285 वोट प्राप्त कर 3474 वोटों से किला जीत लिया। वहीं, निर्दलीय लड़ रही रानी मनोज गौर को 192 वोट, निर्दलीय मंजू शर्मा को 182 वोट प्राप्त हुआ।

नगर पंचायत चिखलाकसा से भाजपा से चुनाव लड़ रही कुंती देवांगन को 1902 वोट प्राप्त हुआ। कांग्रेस की रत्ना वेंकट राव को 1255 वोट प्राप्त हुआ। भाजपा के कुंती देवांगन ने 645 वोट से जीत हासिल की। नगर पंचायत गुण्डरदेही में भाजपा के प्रमोद जैन को 3170 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस से केके राजू चन्द्राकर को 2979 वोट प्राप्त हुए जिसमे भाजपा के प्रमोद जैन ने 191 वोट से जीत हासिल की। नगर पंचायत गुरूर में भाजपा से प्रदीप साहू को 1209 वोट प्राप्त हुए। कांग्रेस के टिकेश्वर साहू को 1085 वोट प्राप्त हुए। हमर राज पार्टी के ओमप्रकाश साहू को 19 वोट प्राप्त हुए। निर्दलीय जितेन्द्र कुमार ओझा को 496 वोट प्राप्त हुए। जिसमें भाजपा के प्रदीप साहू ने 185 वोट से जीत हासिल की। नगर पंचायत डौण्डी से कांग्रेस के खेमिन लाटिया को 1161 वोट प्राप्त हुए। भाजपा के मोहन्ती चौरका को 1831 वोट प्राप्त हुए। कमलेश्वरी कोटारिया को 1384 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार भाजपा के मोहनतीन चौरका ने 447 वोट से जीत हासिल की।

नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में अध्यक्ष पद के लिए अनिल लोढ़ा को 639 वोट प्राप्त हुआ। लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम 2731 वोट प्राप्त हुआ। भुजबल देशमुख को 14 वोट प्राप्त हुआ। हुलसिया चौहान को 29 वोट प्राप्त हुआ, प्रेम भंसाली को 652 वोट प्राप्त हुआ। इस तरह भाजपा के लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने प्रेम भंसाली को 2079 वोट से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

### नगर पंचायत गुरूर...

पन्ना साहू को 28 वोटों के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 10 मे भाजपा के अना राम यादव ने कांग्रेस के कमलेश साहू को 30 वोटों के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 11 मे भाजपा के गिरधर ठाकुर विजयी रहे। वार्ड क्रमांक 12 मे भाजपा की बिंदा यादव ने कांग्रेस की तोमेश्वरी साहू को 49 वोटों के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 13 मे भाजपा की जितेश्वरी निषाद ने कांग्रेस के तेजेश्वर कुमार को 56 वोटों के अंतर से पराजित किया। वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा के मधु जगदल्ले ने कांग्रेस के लता सोनवानी को 68 वोटों के अंतर से हराया। वार्ड क्रमांक 15 में भाजपा के नारायण रामटेके ने कांग्रेस के टीकम जोशी को 4 वोटों के अंतर से हराया।

### दल्लीराजहरा नगर...

साहू ने 11792 मतों के साथ विजय हासिल की, जबकि कांग्रेस के रवि जायसवाल को 7938 मत मिले। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी संतोष देवांगन को 3249 और दूसरे निर्दलीय टकेश्वर सिंह को 126 वोट मिले।

**पार्षद चुनाव में भाजपा को 15 सीट**

वार्ड 1: शिवांगी ध्रुव
वार्ड 2: पूनम मोनू जायसवाल
वार्ड 3: मनोज दुबे
वार्ड 4: संजीव सिंह
वार्ड 7: वीरेंद्र साहू
वार्ड 10: मलती
वार्ड 11: निर्मल प्रकाश पटेल
वार्ड 12: मोनिका
वार्ड 15: तरुण साहू
वार्ड 17: रेखा सहारे
वार्ड 18: अरुणा बाई
वार्ड 21: भूपेंद्र श्रीवास
वार्ड 22: सुरेश जायसवाल
वार्ड 24: विशाल मोटवानी
वार्ड 25: प्रमोद कुमार

**कांग्रेस - 08 सीटें**

वार्ड 5: पुसई बाई साहू
वार्ड 6: सुमरित उर्वशा
वार्ड 8: कालिंदी प्रमोद तिवारी
वार्ड 13: अनीता सोनवानी
वार्ड 14: प्राची चंद्र प्रकाश
वार्ड 16: पवेन्द्र कुमार
वार्ड 20: रोशन पटेल
वार्ड 27: सूरज कुमार

निर्दलीय - 4 सीटें

वार्ड 9: मेवा पटेल
वार्ड 19: मोइनुद्दीन
वार्ड 23: प्रदीप बाघ
वार्ड 26: टी. ज्योति

# भिलाई निगम आयुक्त ने देखी मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के कोसा नगर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह-सुबह पहुंच गये। वहां पर जानवरो के खाने के लिए प्रदाय किये जा रहे चारा, पानी एवं व्यवस्था का निरीक्षण किये। वर्तमान में कांजी हाउस का संचालन एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, संचालनकर्ता एजेंसी शोभूराम साहू को निर्देशित किये कि जानवरो के चारे, पानी का उचित प्रबंध हो। बीमार पड़ने पर शासकीय पशु चिकित्सक को बुलाकर ईलाज करवाया जाये। पशु चिकित्सक बीच-बीच में आकर ईलाज करते रहेगें।



कांजी हाउस के चारों तरफ सीमेंट के दिवाल बनाई जा रही है, जिससे जानवर भाग न पाए। इससे फायदा होगा कि अतिरिक्त जमीन पर पानी डालने पर घास बड़े होगे, इससे जानवरों को चरने की भी सुविधा मिल जायेगी। जानवरो के पीने के लिए बीच-बीच में बड़े-बड़े कोटना बना दिया जाये, जिसमे पानी भरा हो, जानवर गर्मी में पानी पी सके। वहीं पर सीएण्ड वेस्ट से चेकर टाइल्स का भी निर्माण करने का कार्य किया जायेगा। ततपश्चात जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में प्रमुख रूप से भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, आकाश गंगा सब्जी मंडी, सुपेला घड़ी चैंक, वेकेटेश्वर टाकिज के पीछे, नेहरू नगर चौक आदि का निरीक्षण किये। जिस शौचालय का संधारण का कार्य हो चुका है, उसको नागरिको के उपयोग के लिए खोल दिया जाये। बाकि को समय अवधि में पूर्ण किया जाये। आकाश गंगा सब्जी मण्डी में हजारों सब्जी विक्रेता, काम करने वाले वर्कर, ग्राहक, रिक्शा, ठेला वाले निस्तारी के लिए आते रहते है। यह ध्यान दिया जाये कि उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को आदेशित किये। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता चंदन निर्मल, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, पीआईयू शुभम पाटनी, अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
Dental & Cosmetic Treatments

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छाटा में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा


**सेलूद।** ग्राम छाटा में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । वहीं दोपहर 3 बजे कलश यात्रा के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। यह आयोजन 21 फरवरी तक चलेगा। कथा के मुख्य यजमान गिरधर लाल बघेल एवं शशैल बघेल हैं। बघेल परिवार के द्वारा कथा आयोजन की तैयारी व्यापक रूप से की गई है। कथा व्यास से बाल विदुषी दिव्य कन्या भगवती रेणुका दीदी गोस्वामी ग्राम लेवई भाटापारा जिला बलौदाबाजार ने प्रथम दिवस भागवत पुराण के महात्म की कथा सुनाई। यह गिरधर बघेल परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन अपने पिता स्व. बृजलाल बघेल, माता स्व. भूलिन बाई एवं पुत्री स्व. सुमन बघेल की स्मृति में कराया जा रहा है । कथा के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा, बेदी पूजन, गौकर्ण उपाख्यान हुआ। वहीं शुक्रवार को पुराण प्रारंभ हुई जिसमें सुखदेव जन्म एवं परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। 15 फरवरी शनिवार को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जाएगी । 16 फरवरी को जड़ भरत कथा, आजिमाल ,प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी । 17 फरवरी सोमवार को गजेंद्र मोक्ष, वामन चरित्र ,राम कथा, कृष्ण जन्म की कथा सुनाई जाएगी। इसी तरह 18 फरवरी को बाल लीला ,गोवर्धन लीला, माखन चोरी एवं रास महाराज की कथा सुनाई जाएगी । 19 फरवरी को कंस वध ,उद्धव गोपी संवाद, श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन होगा। 20 फरवरी को सुदामा चरित्र ,परमधाम गमन एवं परीक्षित मोक्ष कथा होगी। कथा के विश्राम दिवस 21 फरवरी को गीता पाठ ,तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, देव विदाई, ब्राह्मण भोज, हवन, कपिल दर्पण सहस्त्र धारा के साथ कथा विश्राम होगा।

### नवविवाहित जोड़े ने बच्चों को कराया न्योता भोजन

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मटंग में प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के अंतर्गत प्रधान पाठक महेन्द्र कुमार मिथलेश के पहल पर उनके नवविवाहित पुत्र गौरव कुमार मिथलेश व रानी मिथलेश पुत्र वधु ने अपने शादी के शुभ अवसर पर शाला के बच्चों को अपने हाथ से न्योता भोजन कराया। न्योता भोजन में बच्चों को खीर, पुड़ी, चावल, दाल, पापड़, जलेबी, आलू मटर की सब्जी परोसा गया। इसके अलावा बच्चों को बिस्कुट व लडडु का भी वितरण किया गया। प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार मिथलेश ने शासन की योजना प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना के तहत पूरक पौष्टिक भोजन के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुये बताया की शासन के मंशानुरूप भोजन को रुचि कर बनाने के साथ साथ सम्पुर्ण आहार प्रदान करने यह योजना लाई गई है। ग्राम के कोई भी व्यक्ति, समाज या समुह अपनी स्वेच्छा से भोजन करा सकते है। इस अवसर पर बलराम वर्मा शिक्षक, धरोहर प्रसाद, भगवानी राम साहू, शाला समिति के अध्यक्ष हितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### निधन

### मोहनीश देवांगन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुरी निवासी मोहनीश (मोनू) देवांगन उम्र 17 वर्ष का 15 फरवरी को निधन हो गया। वे कक्षा दसवीं के छात्र थे। वे उत्तम देवांगन के पुत्र थे।




## निकाय चुनाव : पार्षद पद के लिए 15 में से 8 पर भाजपा, 4 पर कांग्रेस व 3 निर्दलीय जीते

# नगर पंचायत डौंडीलोहारा में जनता को भाजपा पर भरोसा, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के हाथों सौंपा राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर की जनता ने एक बार फिर राज परिवार पर भरोसा जताते हुए भाजपा के लाल निवेंद्र सिंह टेकाम को अध्यक्ष बना दिया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद भंसाली को 2078 मतों से हराकर जीत दर्ज की। लाल निवेंद्र सिंह टेकाम को कुल 2731 मत प्राप्त हुए। निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम भंसाली को 653 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी अनिल लोढ़ा रहे उन्हें 639 मत प्राप्त हुए। प्रत्येक राउंड में 5-5 वार्डों की गिनती की गई। पहले ही राउंड में लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने पर्याप्त बढ़त बना ली थी, जिससे लगने लगा था कि लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के टक्कर में कोई नहीं है। पहले राउंड में टेकाम को 855 वोट, भंसाली को 156 वोट व लोढा को 155 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार पहले ही राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वियों से लगभग 700 वोट से आगे हो गये थे।



**वार्डवार स्थिति-** पार्षद चुनाव में भाजपा से 8, कांग्रेस से 4 व निर्दलीय 3 जीतकर आए। इनमें से वार्ड क्रमांक 1 से भाजपा के सूर्यकला ठाकुर,2 से निर्दलीय गायत्री देवांगन,3 से निर्दलीय ममता शर्मा, 4 से भाजपा शोभा सिंह ठाकुर,5 से भाजपा सुभद्रा टांडेकर,6 से भाजपा नेहा उपाध्याय,7 से कांग्रेस राकेश गप्पू सांखला,8 से भाजपा वीर सिंह,9 से भाजपा रेवती कोलियारे,10 से कांग्रेस जुगरू बघेल,11 से भाजपा शिवानी भंसाली,12 से भाजपा ममता यादव,13 से निर्दलीय अशोक उईके,14 से कांग्रेस राजेन्द्र निषाद,15 से कांग्रेस किशोर दीवान विजयी घोषित किए गए। जिसमें से भाजपा की सुभद्रा टांडेकर लगातार तीसरी बार, शोभा सिंह ठाकुर व ममता शर्मा लगातार दूसरी बार पार्षद चुनकर आए हैं।





### नवनिर्वाचित भाजपा की प्रथम महिला मंडल अध्यक्ष कुसुम ने संभाल रखी थी कमान

चुनाव प्रचार का पूरा नेतृत्व डौंडीलोहारा भाजपा मंडल की नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने किया था। उन्होंने अध्यक्ष सहित अपने समर्थित भाजपा पार्षदों के जीत के लिए काफी मेहनत की थी। इस जीत पर अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी समस्त मतदाताओं सहित भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेताओं का आभार व्यक्त किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में लड़े गए इस चुनाव में महत्वपूर्ण जीत हासिल करने पर भाजपा के दिग्गज नेताओं ने कुसुम शर्मा को भी बधाई दी। बता दें कि पहली बार भाजपा ने मंडल अध्यक्ष की कमान किसी महिला को सौंपी है। उसके बाद से लगातार कुसुम शर्मा सक्रियता से कार्य कर रही थीं। पूरे नगर में चुनाव प्रचार के दौरान वह दिन-रात एड़ी चोटी एक करके अपने समर्थित प्रत्याशियों को जीताने के लिए मेहनत करती रहीं। इसी का नतीजा रहा कि युवा प्रत्याशी लाल निवेंद्र सिंह टेकाम दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों को हराने में कामयाब रहे।

### विजयी प्रत्याशियों को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

**बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले के 08 नगरीय निकायों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण ढंग से एवं सफलतापूर्वक मतगणना कार्य संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा सुबह 08 बजे से मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर निर्धारित समयावधि सुबह 09 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकायों के मतगणना कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक एवं सभी रिटर्निंग अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर्स एवं भारत निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों द्वारा पूरे समय मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर मतगणना कार्य का सतत मॉनिटरिंग किया गया। मतगणना संपन्न होने के पश्चात सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतगणना कक्ष में अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्ररूप 24 निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स एवं मतगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



# कांग्रेस के किले में भाजपा का कब्जा





तीसरे नंबर पर खिसकी कांग्रेस

डोंडी। नगर पंचायत डोंडी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी मोहन्तिन चौरका ने पार्टी का परचम लहरा दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी को हराने के बाद मोहन्तिन चौरका ने सभी मतदाताओं व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया, उस पर मैं खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी।

डोंडी नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने एकजुटता दिखाई। अब सभी की मेहनत रंग लाई और इस बार नगर का मिथक तोड़ते हुए भाजपा ने अपना परचम लहराया है। आज जैसे-जैसे जीत का आंकड़ा सामने आया, भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। भाजपा ने भव्य रैली भी निकाली। पहले ही चरण से 500 मतों से मोहन्तिन चौरका ने लीड ली। फिर एक से लेकर 15 वार्ड तक सभी वार्डों मिला कर अध्यक्ष प्रत्याशी अव्वल रहीं। गौरतलब है कि डोंडी नगर सरकार के लिए 11 फरवरी को डोंडी नगर पंचायत में हुए चुनाव का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा के मोहन्तीन चौरका विजयी हुईं। उन्हें 1831 वोट, निर्दलीय कमलेश्वरी कोरटीया को 1384 और कांग्रेस की खेमिनबाई लाटीयां को 1161 वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस तीसरे स्थान पर खिसक गई। कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली डोंडी नगर पंचायत में इस बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। अध्यक्ष पद गंवाने के साथ ही पार्षद पदों में भी कांग्रेस की स्थिति दयनीय रही। कांग्रेस का केवल एक पार्षद प्रत्याशी ही चुनाव जीत पाया, जबकि भाजपा के 8 और 6 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए हैं। इस चुनाव में आठ लोगों की जमानत भी जब्त हो गई है।

### इनकी जमानत जब्त

इस बार नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस से गौतम देवहारी निर्दलीय मेहुल लटिया, सावित्री गोयल बीरेंद्र जैन सोनाली वाल्मीकि जिरखुराम मालेकर भूपेंद्र कुमार कांग्रेस के देव कुमार लाटिया की जमानत जप्त हो गई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन नगर पहुंचकर जीते प्रत्याशियों को शुभकामनायें दीं, वहीं कुछ वोटों के अंतर से पीछे रह गए प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाते हुए हार के कारण की समीक्षा करने की बात कही। डोंडी निकाय चुनाव के संयोजक दिनेश अग्रवाल जिला प्रतिनिधि मनीष झा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, अजय चौहान, राम नारायण धनकर, राजेन्द्र नाहर, विशाल जैन, रुपेश ढेलड़िया, विनय जायसवाल, लाल चंद जैन, मातरम दास कोसरे, शिवम दुबे, निखिल अग्रवाल, अभिषेक भरद्वाज, रजनी जायसवाल, राधिका भरद्वाज सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने खुशियां मना कर नगर वाशियों का आभार माना।

### ऐसी रही वार्डवार स्थिति

रिटर्निंग ऑफिसर रामकुमार सोनकर के नेतृत्व में शनिवार को सुबह 9 बजे नगर पंचायत डोंडी के सांस्कृतिक भवन में ईवीएम के माध्यम से वोटो की गिनती प्रारंभ हुई और 10 बजे रुझान आने लगा था। दोपहर 12 बजे तक स्थिति साफ हो गई और अध्यक्ष पद के साथ 8 पार्षद भाजपा के चुनाव जीतने में सफल हुए हैं रिटर्निंग आफिसर द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार नगर पंचायत डोंडी के चुनाव में वार्ड 1 में भाजपा के अमरिका ठाकुर को 163 वोट मिले कांग्रेस की रामेश्वरी कोठारी को 121 वार्ड 2 से भाजपा के भुनेश्वरी कुंभकार को 246 कांग्रेस के देवलीबाई धनकर को 132 वार्ड 3 में निर्दलीय ममता जैन को 144 भाजपा के बरखा जैन को 117 और कांग्रेस के रंजीता पोटाई को 78 वोट। वार्ड 4 में भाजपा के यदुनंदन देवहारी को 175 कृष्णा कोमा को 81 कांग्रेस के गौतम देवहारी कांग्रेस को 44 वार्ड 5 में भाजपा के रेखा चौहान को 123 वोट कांग्रेस के समीर धुर्वे को 108 वोट मिले। वार्ड 6 भाजपा के प्रशांत नेताम को 160 कांग्रेस के छगन लेनेपांडे को 129 वार्ड 7 भाजपा के संजीव कुमार मानकर को 111 कांग्रेस के कमलेश कामडे को 55 निर्दलीय संतोष डेविड को 44 मेहुल लटिया को 15 वार्ड 10 निर्दलीय किरण बंजारे 276 कांग्रेस के पूजा बघेल को 77 भाजपा के सावित्री गोयल को 54 वार्ड वार्ड 11 के में निर्दलीय सुशील कुमार अमला को 145 भाजपा के मदन ठाकुर को 136 वार्ड 12 कांग्रेस के सौरभ कुमार को 159 भाजपा के निलेश जायसवाल को 106 निर्दलीय सोनाली वाल्मीकि को 13 वीरेंद्र कुमार जैन को 9 वार्ड 13 भाजपा के हितेंद्र कुमार धनकर को 123 कांग्रेस के सुनील राठौर को 118 वार्ड 14 भाजपा के अनिल निर्मल को 165 कांग्रेस के बलिराम धनकर को 112 निर्दलीय जीरखु राम मालेकर को 38 वार्ड 15 निर्दलीय अनिल कुमेटी को 165 भाजपा के मुकेश कुमार को 12 कांग्रेस के देव कुमार लाटिया को 7 वोट मिले।

# जनता ने चिखलाकसा नगर पंचायत की कमान भाजपा की कुंती को सौंपी



**दल्लीराजहरा (चिखलाकसा)।** नगर पालिका नगर पंचायत चुनाव परिणाम में भाजपामय का माहौल बना रहा। चिखलाकसा, दल्लीराजहरा क्षेत्र में पूरी तरह भाजपा के लोग जीतकर पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी के कुंती देवांगन चिखलाकसा नगर पंचायत में 1902 वोट प्राप्त किया। वहीं, कांग्रेस के रत्ना वेंकट राव को 1255 वोट मिले एवं नोटा के रूप में 42 वोट गए। कुल 3199 वोट डाले गए। जहां भारतीय जनता पार्टी के कुंती देवांगन ने 847 वोट से जीत दर्ज दी। चिखलाकसा नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी से 12 पार्षद कांग्रेस से दो तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 1 में भारतीय जनता पार्टी के हेम कुमार तारम जीते उन्हें 100 वोट प्राप्त हुए। गणेश्वर रावटे कांग्रेस को 25 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर 2 में भारतीय जनता पार्टी के शांतनु विजय प्राप्त किया, उन्हें 141 वोट प्राप्त हुए कांग्रेस के धीरज लाल मारकंडे को 129 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर 3 में बीजेपी के ताराचंद ने 212 वोट प्राप्त कर विजय किये कांग्रेस के उमेश कुमार को 62 वोट प्राप्त हुए, वार्ड नंबर 4 में राजू रावटे निर्विरोध पार्षद चुने गए हैं। वार्ड नंबर 5 में कांग्रेस के बसंत कुमार ने 141 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया भाजपा के तिहारू राम आर्य को 132 वोट मिले। वार्ड नंबर 6 में भाजपा के खेदु राम सिंह 75 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया कांग्रेस के हेमंत पटेल को 36 निर्दलीय राजकुमार विश्वकर्मा को 66 श्रद्धा राजपूत को 7 वोट प्राप्त हुए। वार्ड नंबर 7 में भीखी मासिया 125 और प्राप्त कर भाजपा से विजय प्राप्त किये कांग्रेस के अंजू लता भंडारी 64 वोट प्राप्त किया। वार्ड नंबर 8 में ललेश्वर टेकाम भाजपा से 85 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त हुए कांग्रेस के वेंकट राव को 67 वोट प्राप्त हुआ वीरेंद्र पासवान को 64 वोट मिले। वार्ड नंबर 9 कांग्रेस के नूतन दास 96 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया वहीं भाजपा के नीलिमा नरेंद्र भारद्वाज को 45 वोट प्राप्त हुआ चिन्ना को 44 वोट मिले। वार्ड नंबर 10 में भाजपा के सुनीता गुप्ता ने 90 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किए कांग्रेस के प्रेरणा सिंह को 32 एवं दीपिका विश्वकर्मा को 29 वोट मिले। वार्ड नंबर 11 में बसंत जैन ने 83 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया कांग्रेस के जालम यादव को 70 वोट मिले। वार्ड नंबर 12 में संध्या शर्मा बीजेपी को भाजपा के संध्या शर्मा को 132 वोट मिले कांग्रेस के गिरजा निषाद ने 31 वोट प्राप्त किया। वार्ड नंबर 13 में भाजपा के विमला जैन ने 96 वोट पाकर विजय हासिल की वही कांग्रेस के मेरी मैथ्यू को 92 वोट मिले। वार्ड नंबर 14 में संतोष झा निर्दलीय प्रत्याशी ने 53 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किया वहीं भाजपा के गोविंद कुमार शर्मा को 30 नरेंद्र कुमार को 8 हेमलता 33 टी. नायडू 18 विल्सन को 27 वोट मिले। वार्ड नंबर 15 में बीजेपी के लीलाधर ने 152 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त की एवं कांग्रेस के शकुंतला यादव को 94 वोट मिले।



### नगर पालिका बालोद के 20 में से 10 पार्षद भाजपा के, 8 में कांग्रेस, 2 में निर्दलीय जीते

**बालोद।** नगर पालिका बालोद अध्यक्ष सहित 20 वार्डों के पार्षद के लिए नगरीय निकाय चुनाव के बाद शनिवार को मतगणना हुई। जहां नगर अध्यक्ष के लिए भाजपा की प्रतिभा चौधरी ने जीत हासिल की। वहीं 20 वार्डों में 10 भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि 8 में कांग्रेस प्रत्याशी तथा दो वार्डों, वार्ड क्रमांक 01 और वार्ड क्रमांक 05 से निर्दलीय पार्षद ने जीत हासिल की। वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा से कुंती एवन साहू को 139 वोट, कांग्रेस के सुमन दिनेश्वर साहू को 157 वोट, निर्दलीय पुष्पा ईश्वर साहू को 400 वोट प्राप्त हुए जिसमें निर्दलीय पुष्पा ईश्वर साहू ने जीत हासिल की। वार्ड क्रमांक 02 से कांग्रेस के जितेन्द्र कुमार साहू को 276 वोट, भाजपा के कमलेश सोनी को 789 वोट प्राप्त हुए। इसमें कमलेश सोनी 522 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 03 मे कांग्रेस से किरण चन्द्रहास 376 वोट, भाजपा के प्रीतिबाला साहू को 323 वोट, लक्ष्मी साहू को 130 वोट मिले जिसमे किरण साहू 53 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 04 में कांग्रेस से प्रेमचंद क्षीरसागर को 137 वोट, भाजपा के प्रीतम यादव को 391 वोट, निर्दलीय देवेन्द्र गजेन्द्र को 51 वोट, निर्दलीय पुनीत राम साहू को 72 वोट, सुमित सुरेन्द्र साहू को 42 वोट प्राप्त हुए जिसमें प्रीतम यादव ने 254 वोट से अपने प्रतिद्वंद्वी पर जीत हासिल की। वार्ड क्रमांक 5 से आप के किरण भीखम साहू को 17 वोट, भाजपा के निशा अभिषेक योगी को 244 वोट, कांग्रेस के योगेश्वरी साहू को 139 वोट, कांति तरूण साहू को 442 वोट प्राप्त हुए जिसमें निर्दलीय कांति तरूण साहू ने 198 वोट से विजयी हासिल की।

वार्ड क्रमांक 06 से भाजपा के दीपक देवांगन को 311 वोट, कांग्रेस के सतीश यादव को 322 वोट प्राप्त हुआ, जिसमें सतीश यादव 11 वोट से जीते। वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा के रमेश कुमार मालेकर को 297 वोट, कांग्रेस के सुनील मालेकर को 438 वोट प्राप्त हुआ, जिसमें कांग्रेस के सुनील मालेकर 141 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 08 से कांग्रेस के रीता सोनी को 335 वोट, भाजपा के रूखसाना बेगम को 239 वोट, ज्योति भोलू महराज को 113 वोट प्राप्त हुए। जिसमें कांग्रेस के रीता सोनी 96 वोट से विजयी हुई। वार्ड क्रमांक 09 से भाजपा के आशुतोष कौशिक को 175 वोट, कांग्रेस के निर्देश पटेल को 452 वोट, निर्दलीय दीपक चोपड़ा को 138 वोट, मंजू शर्मा 8 वोट प्राप्त हुए जिसमे कांग्रेस के निर्देश पटेल 277 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 10 मे भाजपा के दीपक कुमार को 341 वोट, कांग्रेस हंसमुख टुवानी को 193 वोट, निर्दलीय राजेश चोपड़ा को 38 वोट प्राप्त हुआ, जिसमे भाजपा के दीपक कुमार 148 वोट से विजयी हुए।

वार्ड क्रमांक 11 से कांग्रेस से लोकेन्द्र कांवरे को 281 वोट, भाजपा के राजू पटेल को 453 वोट, सकील खान को 116 वोट प्राप्त हुए, जिसमे राजू पटेल 172 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा के छबि सार्वा 254 वोट, कांग्रेस से सुमित शर्मा को 367 वोट, निर्दलीय जितेन्द्र पाण्डेय को 283 वोट प्राप्त हुए, जिसमे सुमित शर्मा 84 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 13 मे कांग्रेस से सुहागा को 276 वोट, भाजपा के सुनीता बिल्ला भाई मनहर को 459 वोट, निर्दलीय जानकी देशलहरे को 51 वोट प्राप्त हुआ जिसमे भाजपा के सुनीता मनहर 183 वोट से वियजी हुए। वार्ड क्रमांक 14 मे भाजपा से आशा पटेल को 221 वोट, कांग्रेस के चमेली धनेश साहू को 95 वोट, निर्दलीय जनक ढाके को 31 वोट, निर्दलीय योगराज भारती को 126 वोट प्राप्त हुए, जिसमे भाजपा के आशा पटेल 221 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा के गोकुल कुमार को 308 वोट, कांग्रेस के मनोज ठाकुर को 294 वोट, हमर राज पार्टी के लक्ष्मी तारम को 33 वोट प्राप्त हुए। यहां गोकुल कुमार 14 वोट से विजयी रहे।

वार्ड क्रमांक 16 से भाजपा के सुरेश निर्मलकर को 201 वोट, कांग्रेस के विनोट बंटी शर्मा को 548 वोट प्राप्त हुए, जिसमे कांग्रेस के विनोद बंटी शर्मा ने 347 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 17 से कांग्रेस की गीता बाई को 148 वोट, भाजपा के गोमती बाई रात्रे को 478 वोट, निर्दलीय धनेश्वरी ठाकुर को 107 वोट प्राप्त हुए, जिसमे भाजपा के गोमती बाई रात्रे 330 वोट से विजयी हुई। वार्ड क्रमांक 18 मे कांग्रेस से अनिल यादव को 356 वोट, भाजपा के गिरिजेश गुप्ता को 551 वोट प्राप्त हुए, जिसमे भाजपा के गिरिजेश गुप्ता 195 वोट से विजयी हुए। वार्ड क्रमांक 19 से कांग्रेस के हसीना बेगम को 337 वोट, भाजपा के श्यामा यादव को 433 वोट प्राप्त हुए, जिसमे भाजपा के श्यामा यादव 96 वोट से विजयी हुई। वार्ड क्रमांक 20 में कांग्रेस कशीमुद्दीन कल्लू भैया को 398 वोट, भाजपा के सरोजनी साहू को 203 वोट, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के दानी साहू को 72 वोट, हमर राज पार्टी के डिलेश्वर देवांगन को 47 वोट, निर्दलीय शिव कुमारी शिवानी साहू को 236 वोट प्राप्त हुए। जिसमे 162 वोट से कांग्रेस के कशीमुद्दीन ने विजय प्राप्त किया।

# विद्यार्थी किताबों से मित्रता करें, ये हमें अच्छा इंसान बनाती हैं : कैलाश

**अंडा।** शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व हाई स्कूल गनियारी (रसमड़ा) में विश्व पुस्तक दान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लेखक व व्याख्याता कैलाश बनवासी सम्मिलित हुए। उन्होंने किताबों से मित्रता के विषय पर बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपनी स्वरचित पुस्तक कुकरा कथा कहानी का वाचन कर सत्र सम्पन्न किया। बच्चों को पुस्तकों से मित्रता करने का आह्वान किया गया तथा किताबों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किताबों को पढ़कर ही हम रामायण के पात्रों का सजीव चित्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किताबों से ही हमें पुरानी संस्कृति व सभ्यता का बोध होता है। एक साथी के रूप में पुस्तक हमें एक अच्छा इंसान बनाती है। बच्चों से चर्चा करते हुए उन्होंने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी ईदगाह पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्रा द्वारा जीवन में पुस्तक दान के महत्व पर नाटक मंचन किया गया। पूर्व दिवस में आयोजित निबंध प्रतियोगिता शीर्षक जीवन में पुस्तक दान का महत्व पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगणों एवं ग्रामीण व लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह पहल कलेकिटपस फॉर इंटीग्रेड लाईवलीहुड इनीशिएटिप्स के एकीकृत स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा है,जिसे दुर्ग शिवनाथ एक्सप्रेसवे प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर के प्रयासों द्वारा समर्पित किया गया।







